卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 108 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦23 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# पहाड़ों पर सीजन की पहली बर्फबारी

## उत्तराखंड में मौसम का बदला मिजाज,अधिकांश जिलों में बादल छाए,बर्फबारी और बरसात ने बढ़ाई ठंड

देहरादून/नैनीताल। उत्तराखंड में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। ऊंचाई वाले इलाकों में इस सर्दी की पहली बर्फबारी शुरू हो चुकी है, जिससे जनजीवन के साथ-साथ यातायात और पर्यटन गतिविधियों पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। उत्तरकाशी के यमुनोत्री और गंगोत्री धाम, देहरादून जनपद के चकराता, मसूरी और धनोल्टी में सुबह से लगातार हिमपात हो रहा है। वहीं रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में भी ताजा बर्फ गिरने की सूचना है। राजधानी देहरादून में सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे ठंड का अहसास बढ़ गया है। नैनीताल, अल्मोड़ा, ऊधम सिंह नगर, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बादल छाए रहने के कारण दिनभर ठिठुरन बनी रही। मौसम विभाग ने 23 जनवरी को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, देहरादून, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भी हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अन्य जिलों में ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। विशेषज्ञों का कहना है कि 28 जनवरी तक प्रदेश में मौसम अस्थिर बना रह सकता है। हालांकि बीते दिनों जारी कुछ पूर्वानुमान पूरी तरह सटीक साबित नहीं हुए थे, लेकिन वर्तमान हालात में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव स्पष्ट नजर आ रहा है। गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के कई इलाकों में आज बारिश की संभावना जताई गई है। विशेष रूप से चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में(शेष पृष्ठ सात पर)








# 23 अप्रैल को खुलेंगे श्री बदरीनाथ धाम के कपाट

चमोली। वसंत पंचमी के पावन पर्व पर बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि विधिवत रूप से घोषित कर दी गई है। गाडू घड़ा पूजन की परंपरा के निर्वहन के बाद तय किया गया कि भगवान बदरीविशाल के कपाट आगामी 23 अप्रैल को शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इस दिन प्रात: ब्रह्मकाल मुहूर्त में सुबह 6:15 बजे मंदिर के द्वार विधिविधान के साथ खोले जाएंगे। गौरतलब है कि कपाटोद्घाटन की परंपरा के अंतर्गत बृहस्पतिवार को डिम्मर गांव से डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के सदस्य(शेष पृष्ठ सात पर)



# दबंगों ने पथराव कर लोगों में मचाई दहशत

## दो की हालत गंभीर, चौकी पुलिस के खिलाफ लोगों में भड़का रोष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूवार की रात्रि मौहल्ला रम्पुरा वार्ड 22 में पूर्व में रम्पुरा पुलिस चौकी में शिकायत करने से खफा कुछ दबंगों ने अपने घरों की छतों से आस पास के अनेक घरों पर पथराव के साथ शराब की बोतलें बरसाकर जमकर दहशत फैलाई। जिससे कई लोगों को चोंटें भी आ गई जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर चौकी पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे लेकिन उनके द्वारा आरोपियों को न पकड़ने से लोगों में काफी रोष दिखाई दिया। जिसके बाद आज प्रात: अनेक लोग मामले की शिकायत लेकर विधायक के आवास पहुंचे और उन्हें सारे मामले से अवगत कराया। विधायक ने तत्काल पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बताया जाता है कि मौहल्ले के कुछ युवक आये दिन महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। इसकी शिकायत लेकर कुछ महिलायें बीते दिनों रम्पुरा चौकी गई थीं। जहां उन्होंने आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस ने युवकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जिससें उनके हौसले बढ़ गये। बताया जाता है कि(शेष पृष्ठ सात पर)





# पुलिस ने किया वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा

## तीन चोरी की मोटरसाइकिलों समेत शातिर चोर आया पुलिस के शिंकजे में

काशीपुर। कोतवाली काशीपुर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक काशीपुर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।पुलिस के अनुसार 21 और 22 जनवरी 2026 के बीच अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की तीन घटनाएं सामने आई थीं। बड़े गुरुद्वारे के पास बनी पार्किंग, अनाज मंडी तथा आरके फ्लोर मिल के समीप खड़ी मोटरसाइकिलें अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थीं। इन मामलों में कोतवाली काशीपुर में एफआईआर संख्या 30/2026, 31/2026 और 32/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किए गए थे। घटनाओं के अनावरण के लिए पुलिस टीमों ने आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की तलाश में मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी क्रम में 22 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर नौगजा मजार के पास बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ व चेसिस नंबर के मिलान पर उक्त वाहन एफआईआर संख्या 30/2026 से संबंधित पाया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने ईदगाह के पास बने एक खंडहर से दो अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं, जो कोतवाली काशीपुर में दर्ज शेष दो मुकदमों से संबंधित पाई गईं। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान साहिल पुत्र खुर्शीद निवासी काली बस्ती मोहल्ला अल्ली खां, थाना काशीपुर (स्थायी पता ग्राम बाबरखेड़ा, थाना कुंडा, जिला ऊधम सिंह नगर) के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चोरो के कब्जे से पुलिस ने टीवीएस स्पोटर्स और दो हीरो स्प्लेंडर प्लस बाईके बरामद की है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ उप निरीक्षक नवीन बुधानी, उप निरीक्षक मनोज सिंह धौनी, उप निरीक्षक संजय सिंह, अपर उप निरीक्षक अजीत सिंह, कांस्टेबल प्रेम(शेष पृष्ठ सात पर)



# कार से शराब की तस्करी कर रहा एक गिरफ्तार

गदरपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर जनपद में अवैध कच्ची शराब व नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक अल्टो कार से 240 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गदरपुर के नेतृत्व में चौकी गूलरभोज पुलिस ने बीती रात 22 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने कॉलोनी नंबर तीन तिराहे के पास हरिपुर जलाशय डैम कट क्षेत्र में संदिग्ध अल्टो कार को रोका। तलाशी के दौरान कार के अंदर रखे तीन काले रंग के रबर ट्यूबों से कुल 240 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। प्रत्येक ट्यूब में 80-80 लीटर कच्ची शराब भरी हुई थी। मौके से अभियुक्त होशियार सिंह पुत्र इंदर सिंह,(शेष पृष्ठ सात पर)



# भारतीय परंपराओं में निहित हैं विश्व की समस्याओं का समाधान-गृह मंत्री





हरिद्वार। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने गुरूवार को हरिद्वार में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष समारोह में गायत्री परिवार द्वारा किए जा रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों की सराहना की तथा आचार्य श्रीराम शर्मा के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं में विश्व की समस्याओं का समाधान निहित है।गृह मंत्री ने कहा कि श्रीराम शर्मा आचार्य ने सनातन धर्म में व्याप्त विकृतियों को दूर कर आध्यात्मिकता को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा तथा समानता, संस्कृति, एकता और अखंडता के मूल्यों को सुदृढ़ किया। उन्होंने "व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण" के विचार को व्यवहार में उतारने का मार्ग प्रशस्त किया। श्री शाह ने आचार्य जी के संदेश "हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा" को मानव कल्याण का मूल मंत्र बताते हुए इसे जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।गृह मंत्री ने कहा कि बीते दस वर्षों में देश की कार्य-संस्कृति और सोच में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज भारत को उसकी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और मूल्यों के संदर्भ में आदर भाव से देखा जा रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और अरविंद घोष जैसे युगपुरुषों के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के उत्कर्ष से मानवता का उत्कर्ष सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि हरिद्वार में कदम रखते ही आध्यात्मिक अनुभूति होती है और गायत्री मंत्र व्यक्ति के भीतर सद्भाव, राष्ट्र सेवा और मानव कल्याण की चेतना को जाग्रत करता है। उन्होंने युवाओं से आत्म-सुधार को सबसे बड़ी सामाजिक सेवा मानकर इसे जीवन में अपनाने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि गायत्री परिवार एक वट वृक्ष के समान है, जो आध्यात्मिक चेतना का प्रचार-प्रसार करते हुए समाज को शांति और सकारात्मकता की छाया प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति, ज्ञान और विज्ञान को नए स्वरूप में पुनः स्थापित कर रहा है और सनातन संस्कृति का यह विराट संदेश विश्व तक पहुँचे, इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार समाज में आध्यात्मिक जनजागरण का कार्य कर रहा है।अखिल विश्व गायत्री परिवार से डॉ. चिन्मय पांड्या ने कहा कि गायत्री परिवार का मूल दर्शन समाज से विमुख होना नहीं, बल्कि समाज में रहकर मानव कल्याण और सामाजिक उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि संस्थान प्राचीन वेद, उपनिषद और गीता से प्रेरणा लेते हुए आधुनिक तकनीक को आत्मसात कर शिक्षा, प्रशिक्षण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म रक्षा के लिए राष्ट्र धर्म रक्षा जरूरी हैं। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला, राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री दया शंकर सिंह, विधायक श्री मदन कौशिक सहित देश-विदेश से आए बड़ी संख्या में गायत्री साधक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।


उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि., कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड-किच्छा, ऊधमसिंह नगर-263148
ई-मेल- eddkichha@gmail.com

विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11 के0वी0 उपसंस्थान लालपुर में अनुबन्ध सं0 EDC (USN) 28/2025-26 दिनांक 12.11.2025 के तहत 33के0वी0 CT, Breaker Insulator एवं Control Panal का कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्रम0 सं0 | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | 33के0वी0 सी0वी0नं0 03 एवं 04 | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | 25.01.2026<br>01.02.2026 | प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |

Customer Care Toll Free No- 1912
" Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"
(राष्ट्र हित में बिजली बचायें)

पत्रांक- 5649/वि.वि.ख. (कि.)/ दिनांक 22.01.2026

अधिशासी अभियन्ता


# अब तक 445 कैम्पों का हुआ आयोजन, 3.54 लाख नागरिकों तक पहुँची सरकार

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी अभियानों के माध्यम से शासन को आम जनता के द्वार तक पहुँचाने का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" की भावना के अनुरूप आयोजित कैम्प राज्य में सुशासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।आज प्रदेशभर में कुल 17 कैम्पों का आयोजन किया गया, जिनमें 9,674 नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। इन कैम्पों के माध्यम से आम नागरिकों ने अपनी समस्याएँ प्रशासन के समक्ष रखीं तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी और लाभ प्राप्त किया।अब तक की अवधि में राज्य में कुल 445 कैम्पों का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 3,54,059 नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसके अंतर्गत शासन को जनता के निकट लाकर पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन की स्थापना की जा रही है।कैम्पों के माध्यम से न केवल शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है, बल्कि पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत हुआ है तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गति और प्रभावशीलता आई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुँचाना है। इसी संकल्प के साथ आयोजित ये कैम्प उत्तराखंड में सुशासन और जनसेवा की दिशा में एक मजबूत आधार बनते जा रहे हैं।

# विश्वविद्यालय के 20 छात्र फ्रांस में अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप के लिए चयनित

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्व विद्यालय के 20 छात्र आधुनिक कृषि तकनीकों में इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए फ्रांस रवाना होंगे। यह पहल फ्रांस के कृषि और खाद्य संप्रभुता मंत्रालय और पंतनगर विश्वविद्यालय के बीच हुए सहयोगात्मक समझौते का हिस्सा है। हाल ही में हस्ताक्षरित इस समझौते के तहत चयनित छात्र फ्रांस के विभिन्न संस्थानों में डेफिया कंसोर्टियम के अंतर्गत एक माह का इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम करेंगे। यह कार्यक्रम 8 मार्च 2026 से 3 अप्रैल 2026 की अवधि के दौरान आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खाद्य विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी तथा कृषि में नवीन प्रगतियों से संबंधित व्यावहारिक एवं पेशेवर अनुभव प्रदान करना है। विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिवा प्रसाद एवं डेफिया समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण खाद्य विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्रों के व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करेगा। चयनित छात्र विभिन्न विषयों, यथा- कृषि, प्रौद्योगिकी, कृषि व्यवसाय, सामुदायिक विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य विज्ञान एवं पशु चिकित्सा से हैं।विष्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय से मेघा पुरोहित, ऋषभ सरवाल, देवाशीष नाथ महंत, अनुमय सिंह भंडारी, गरिमा राणा एवं मेधावी नैनवाल; कृशि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय से भाग्यश्री उपाध्याय; कृशि महाविद्यालय से ऋति पॉल, गगन त्रिपाठी, सुरेंद्र धामी, दिया यादव, शांभवी एवं समिष्ठा भट्ट; मत्स्य पालन महाविद्यालय से प्रेना शर्मा; प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से सिदरा मलिक एवं कनिष्क धाका; सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से एंजेला अहान्थेम एवं दिपांशी बमेटा तथा विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय से भारती कुनवर एवं मानसी नेगी का चयन हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग छात्रों की शैक्षणिक, व्यावहारिक दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित करते हैं। यह कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास और ज्ञान-वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देगा।



# जेसीज की नव निर्मित जूनियर बिल्डिंग में बसंत पंचमी पर्व पर सरस्वती पूजन

रुद्रपुर। जेसीज पब्लिक स्कूल की नव निर्मित जूनियर बिल्डिंग में माँ सरस्वती के प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ ज्ञान की देवी का आह्वान किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने शिक्षकों को बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि जेसीज पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं संस्कार देने के लिए निरंतर संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का यह नया भवन इस क्षेत्र के नौनिहालों को आधुनिक समय के अनुरूप विश्वस्तरीय शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए बेहतर प्रयास है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थान देने का उन्होंने जो एक सपना देखा था वह पूरा हो रहा है। विद्यालय के निदेशक सुधांशु पन्त ने कहा कि इस विद्यालय के अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी की प्रतिबद्धता नितान्त आवश्यक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के साथ-साथ उनमें अपनी संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति सद्भावना एवं आदर भाव का समावेश करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. डी. शर्मा ने समस्त शिक्षकों को बसंत पंचमी की बधाई दी तथा उन्हें निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश देते हुए भविष्य में सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम की कामना की। इस अवसर पर समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय की उत्तरोत्तर उन्नति के लिए माँ सरस्वती से प्रार्थना की।



## मुख्यमंत्री ने दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बसन्तोत्सव प्रकृति के श्रृंगार एवं नई ऊर्जा का संचार करने वाला पर्व है। यह दिन माता सरस्वती को भी समर्पित है, जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी हैं। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और समाज में ज्ञान, संगीत और कला को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का अवसर हमें प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की भी प्रेरणा देता है।

# हवन यज्ञ के साथ मनाई बसंत पंचमी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज में बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर माँ शारदे का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र त्रिपाठी ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तत्पश्चात् विद्यालय में हवन-यज्ञ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती/वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र/छात्रायें, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# नेताजी बोस का किया भावपूर्ण स्मरण

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी भारत के महान और अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और साहस के बल पर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं सेनानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता और अदम्य साहस का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।



# वरिष्ठ कांग्रेस नेता व लालकुआं के नपा अध्यक्ष रहे रामबाबू का निधन

लालकुआं (उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं लालकुआं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा का गुरुवार को दिल्ली के फॉर्टिस अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और स्वास्थ्य में सुधार न होने के कारण उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर रात्रि में उनके जवाहर नगर वार्ड तीन में पहुंचा। उनके निधन की खबर मिलते ही लालकुआं, रुद्रपुर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और नागरिक संगठनों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। आज स्व. रामबाबू मिश्रा का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जहां विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व अन्य संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। स्व. मिश्रा अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में स्वर्गीय मिश्रा जनसेवा, सरलता और संगठनात्मक क्षमता के लिए जाने जाते थे। नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने स्थानीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सामाजिक सौहार्द के लिए उल्लेखनीय कार्य किया था।कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. रामबाबू मिश्रा का जाना पार्टी और क्षेत्र दोनों के लिए एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।



# शिविर में 53 लोगों ने कराया वैवाहिक पंजीकरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेंद्र नगर वार्ड नंबर 12 में पार्षद प्रीति आर्या और युवा नेता हेमंत साहू के प्रयासों से यूसीसी मैरिज प्रणाम पत्र बनाने का शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 53 लोगों द्वारा अपने विवाह का पंजीकरण कराया गया। युवा नेता हेमंत साहू ने कहा कि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय-समय पर ऐसे कैंपों का आयोजन किया जाता रहेगा। उन्होंने जनता से सक्रिय भागीदारी की अपील की। स्थानीय लोगों ने पार्षद प्रीति आर्या की कार्यशैली की जमकर सराहना की। इस मौके पर विशाल आर्या, करण कुमार, प्रीति पाल, रिया आर्या, जीत सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# नेताजी जयंती व बसंत पंचमी श्रद्धा व उत्साह से मनाई

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर आज महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, सम्मान और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया, वहीं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ज्ञान, संस्कृति और सद्भाव के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन देशभक्ति, साहस और त्याग का अद्भुत उदाहरण है। आजादी के आंदोलन में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी हमें शिक्षा, एकता और सकारात्मक सोच के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। विधायक बेहड़ ने सभी से नेताजी के आदर्शों पर चलने और समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेने का आहवान किया। कार्यक्रम में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इनके साथ ही राजेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश दुआ, संतोष अधिकारी, रामबाबू, रंजीत, हरभजन सिंह, संतोष ठाकुर, छोटेलाल कोली, एन.यू. खान, भूपेंद्र सिंह, अशोक मित्रा, सुनीता कश्यप, महेंद्र सिंह, आरिफ कुरैशी, दानिश मलिक, डिंपल धाजू, दलजीत कक्कर, गौरव चावला, राकेश खुराना, धर्मेंद्र सिंधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# जल संस्थान पर गरजे करणी सेना के पदाधिकारी

रामनगर। आपको बता दें कि गुरुवार को रामनगर में जल संस्थान के अधिकारियों पर नगर के कुछ इलाकों में दूषित पानी की सप्लाई करने के विरोध में करणी सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जल संस्थान कार्यालय पर पहुंचकर हंगामा करने के साथ ही प्रदर्शन करते हुए जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा कि जल संस्थान के पेयजल प्लांट से नगर के कुछ इलाकों में लंबे समय से नदी का गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है जिससे जनता में महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है उनका आरोप है कि सीवरेज और नालों का गंदा पानी नदी में जाने के उपरांत विभाग द्वारा इस पानी को सीधे तौर पर जनता को सप्लाई किया जा रहा है जो की गंभीर मामला है इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि रामनगर के कई इलाकों में जल संस्थान द्वारा पानी की टंकियां स्थापित की गई है ना तो इन टंकियो की लंबे समय से सफाई हुई है और ना ही उनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस इंतजाम किए गए हैं जिससे कभी भी इन पानी की टंकियो पर भी कोई सामाजिकतत्व कभी भी किसी भी वारदात को अंजाम दे सकता है करणी सेना के पदाधिकारी को मौके पर मौजूद जेई शीशपाल सिंह द्वारा समझाने का प्रयास किया गया लेकिन कार्यकर्ताओं ने अपना रोष जताते हुए चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के भीतर उनकी समस्याओंका समाधान नहीं हुआ तो कार्यालय पर उग्र आंदोलन करने के साथ ही प्रदर्शन किया जाएगा।



# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड जनपद शाखा उधम सिंह नगर के जनपदीय कार्यकारिणी की आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से जनपद कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बीएन बेलवाल जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री केसी विश्वकर्मा के संचालन में हुई बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, उपाध्यक्ष आरडी काण्डपाल, संगठन मंत्री हरिप्रसाद, संयुक्त मंत्री सुन्दर सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष राजीव वर्मा, ऑडिटर श्रीमती मनु राही सर्वसम्मत से पधाधिकारी मनोनीत किए गए। इसके टीसंरक्षक विनोद कुमार भट्ट मुख्य फार्मेसी अधिकारी, एलडी भट्ट चिकित्सालय उप जिला चिकित्सालय काशीपुर, सलाहकार केएन गोस्वामी, फार्मेसी अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सितारगंज, उपाध्यक्ष-श्रीमती चम्पा गोस्वामी, फार्मेसी अधिकारी, प्रा0स्वा0 केन्द्र, बरा, प्रवक्ता दलजीस सिंह गोराया, मुख्य फार्मेसी अधिकारी उप जिला चिकित्सालय बाजपुर, ब्लॉक प्रभारी जसपुर दिनेश टम्टा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसपुर, ब्लॉक प्रभारी काशीपुर युसुफ अली फार्मेसी अधिकारी, उप जिला चिकित्सालय काशीपुर, ब्लॉक प्रभारी बाजपुर ब्लॉक प्रभारी गदरपुर त्रिलोक सिंह, फार्मेसी अधिकारी, उपजिल चिकित्सालय बाजपुर, श्रीमती कुसुमलता मर्तोलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दिनेशपुर, ब्लॉक प्रभारी किच्छा संदीप जोशी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, किच्छा, ब्लॉक प्रभारी सितारगंज श्रीमती परीक्षा राणा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र साधुनगर,ब्लॉक प्रभारी खटीमा केएनद जोशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रतापपुर मनोनीत किए गए।

# किसान सम्मेलन में भाजपा सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

## 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल सफल बनाने का निर्णय

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मंडी परिसर में किसान मजदूर संगठनों के गुरुवार को आयोजित हुए सम्मेलन में वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ हुंकार भरते हुए इसे आम जनता के साथ ही मजदूर व किसान विरोधी बताया। उन्होंने कहा सरकार मजदूर किसानों की मेहनत को लूट रही है। इस दौरान 4 लेबर कोड और बिजली संशोधन बिल के खिलाफ आगामी 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल का निर्णय लिया गया। कन्वेंशन का आयोजन मजदूर यूनियन ऐक्टू की जिला इकाई ने किया।अपने संबोधित में ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड केके बोरा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए मजदूर किसान की मेहनत को लूटतंत्र की मनमर्जी पर पहुंचा दिया है। मजदूरों को 8 घंटे से ज्यादा काम के लिए विवश करने का कानून लेबर कोड में बना दिया है तो दूसरी तरफ किसान के बीज के परंपरागत अधिकार छीनने को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नियंत्रण के लिए बीज विधेयक 2025 ले आई है। इस नए बिल में चलते किसान जीएम बीजों की हर साल खरीद के लिए मजबूर किया गया है। भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड ललित मटियाली ने कहा कि उधमसिंहनगर जिले में मजदूर कानूनों के लिए सम्मानजनक बर्ताव राज्य की सरकार नहीं कर रही है। किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या सरकारी मशीनरी के भ्रष्टाचार और शासन प्रशासन और भू माफियाओं के गठजोड़ का खुलासा कर चुकी है। जिले में आए दिन हत्याओं व अपराधों का ग्राफ चरम सीमा तक बढ़ गया है। कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। मगर राज्य सरकार अपने चहेते एस एस पी को पद से हटाने को तैयार नहीं है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव



कॉमरेड दिनेश चंद्र ने कहा कि 4 लेबर कोड के लागू होने से मजदूरों के हक छीन लिए जाएंगे। श्रमिक संयुक्त मोर्चा के महामंत्री चंद्रमोहन लखेड़ा ने कहा इंडस्ट्री में न्यूनतम वेतन को तत्काल बढ़ाए जाने की जरूरत है। ऑटो प्रोडक्शन इंडस्ट्री के मजदूरों का वेज बोर्ड राज्य गठन के 25 साल बाद भी नहीं बना है। जबकि 2024 की न्युनतम वेतन वृद्धि की अधिसूचना को लागू करने के लिए सरकार कतई गंभीर नहीं दिखती। सरकार चाहती तो स्टे के विरुद्ध अपील करती। सी एस टी यू के महेंद्र सिंह ने कहा कि सिडकुल की सभी यूनियन इस बार पूरे जुझारू तेवर के साथ हड़ताल में उतरेंगे और इसकी तैयारी के लिए सभी अपने अपने स्तर से पूरी ताकत के साथ जुटेंगे। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की राज्य उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने कहा कि आशा आंगनबाड़ी भोजनमाता सहित सभी महिला कामगार सरकार द्वारा शोषित हो रही हैं। उनको न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा है। आशाओं पर रोज नएख्र नए काम सौंप कर उनके श्रम का शोषण सरकार कर रही है। किसान नेता जागीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण मजदुरों को 100त दिन के रोजगार की गारंटी कानून को केंद्र ने रद्द कर नया कानून बनाया है। वी बी ग्राम जी को प्रतिस्थापित कर केंद्र की बीजेपी सरकार ने ग्रामीणों की रोजगार की कानूनी गारंटी छीन ली है। साथ ही अब नया कानून अधिकार से नहीं बल्कि सरकारी आदेश के अधीन हो गया है। मजदूर नेताओं ने एलआईसी में शत प्रतिशत विदेशी निवेश का विरोध किया तथा भारत के परमाणु क्षेत्र में विदेशी निजी कंपनियों को घुसने की इजाजत देने वाला शांति एक्ट 2025 को भी रद्द करने की मांग की। ऐक्टू जिला सचिव कॉमरेड अनीता अन्ना के संचालन में सम्पन्न हुए इस कन्वेंशन को मजदूर किसान नेताओं ने संबोधित किया। कन्वेंशन ने सर्वसम्मति से जिले में हड़ताल को सफल बनाने और ऊपर लिखित प्रस्ताव को स्वीकार कर संघर्ष तेज करने का आव्हान किया। कन्वेंशन में मनोज सिंह, साहेब सिंह, गोविंद सिंह, उत्तम दास, रंजन विश्वास, सुधा गोस्वामी, बबीता कश्यप, गीता, अरविंद मंडल सहित अन्य ट्रेड यूनियन के लोग मौजूद थे।

# रेलवे के विकास में उत्तराखंड को मिली रफ्तार

## डीआरएम, मुरादाबाद श्रीमती विनीता श्रीवास्तव ने सीएम धामी से की शिष्टाचार भेंट
## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हर्रावाला, रुड़की व कोटद्वार स्टेशनों का कायाकल्प

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में डीआरएम, मुरादाबाद श्रीमती विनीता श्रीवास्तव ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्य में रेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, पूर्ण एवं प्रगतिरत रेल परियोजनाओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।भेंट के दौरान डीआरएम, मुरादाबाद श्रीमती विनीता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखंड राज्य में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएँ सफलतापूर्वक पूर्ण की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि रुड़की से देवबंद को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन परियोजना (27.45 किलोमीटर) का कमीशनिंग कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत बनहेड़ा खास एवं झबरेड़ा में नए रेलवे स्टेशनों का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य के प्रमुख रेल मार्गों पर गति वृद्धि से संबंधित कार्य भी पूर्ण किए गए हैं, जिनमें लक्सरखहरिद्वार रेल खंड को 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक उन्नत किया गया है, जबकि सहारनपुरखहरिद्वार खंड को 110 किलोमीटर प्रति घंटा करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 130 किलोमीटर प्रति घंटा गति लक्ष्य हेतु डीपीआर स्वीकृत की जा चुकी है तथा दीर्घकालिक रूप से 160 किलोमीटर प्रति घंटा गति के लिए मार्गों की पहचान की गई है।उन्होंने आगे बताया कि उत्तराखंड खंड में लक्सर, लंढौराखधनौरा, रुड़की, चोड़ीआला एवं ऐथल सहित कई स्थानों पर आरओबी, आरयूबी एवं एलएचएस से संबंधित कार्य पूर्ण किए गए हैं, जिससे रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और व्यस्त स्थानों पर यातायात जाम की समस्या में कमी आई है।डीआरएम श्रीमती विनीता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि राज्य में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएँ वर्तमान में प्रगति पर हैं। उन्होंने अवगत कराया कि हर्रावाला, रुड़की एवं कोटद्वार रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है, जिसमें नए स्टेशन भवनों का निर्माण, एसी प्रतीक्षालय, फूड कोर्ट, दिव्यांगजन



एवं पैदल यात्रियों के अनुकूल डिजाइन, प्लेटफार्म ऊंचाई का मानकीकरण, प्लेटफार्म शेड, नए एवं चौड़े फुट ओवर ब्रिज तथा आधुनिक सर्कुलेटिंग एवं पार्किंग क्षेत्र का विकास शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि हरिद्वार एवं देहरादून रेलवे स्टेशनों के लिए क्षमता वृद्धि के साथ व्यापक पुनर्विकास प्रस्तावित है, जिसमें विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएँ, आइकॉनिक टर्मिनल डिजाइन, आगमन एवं प्रस्थान का पृथक्करण तथा बेहतर बाह्य यातायात व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके साथ ही योग नगरी ऋषिकेश से कर्णप्रयाग को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन परियोजना निर्माणाधीन है, जिसकी कुल लंबाई 125.20 किलोमीटर है। इस परियोजना में मार्ग में 12 स्टेशन, 35 पुल एवं 17 सुरंगें शामिल हैं तथा प्रमुख सुरंगों का कार्य लगभग 94 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। डीआरएम ने यह भी जानकारी दी कि राज्य में नए माल टर्मिनलों के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें पत्री में एकीकृत माल टर्मिनल सुविधा का विकास तथा पत्री एवं ज्वालापुर स्टेशनों को एलएमवी लोडिंग हेतु उन्नत किया जा रहा है।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इकबालपुर आरओबी, जिसमें पीडब्ल्यूडी के पास अप्रोच भूमि लंबित है, धनौरा आरओबी, जिसमें रक्षा भूमि से संबंधित प्रकरण लंबित है, तथा लक्सर एलएचएस, जिसे उच्च जलस्तर के कारण संशोधित किया गया है और जहाँ दोपहिया वाहनों के अनुकूल एफओबी प्रस्तावित है, जैसे कार्यों पर राज्य एवं रेलवे के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने हरिद्वारखदेहरादून रेल खंड की क्षमता वृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि हर्रावाला में 24-कोच हैंडलिंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिसमें लूप लाइन विस्तार एवं गति वृद्धि के लक्ष्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस परियोजना के अंतर्गत वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सहयोग से वन्यजीव न्यूनीकरण योजना तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि टनकपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा आगामी अर्द्धकुंभ के दृष्टिगत रेल एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित सभी तैयारियाँ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएँ, ताकि श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सके।

# किशोरियों को कैंसर से बचाव के टीकाकरण का दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एचपीवी से बचाव हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधि कारी कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के. के. अग्रवाल ने बताया कि 14 वर्ष से 15 वर्ष के बीच की समस्त बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए किशोरियो के टीकाकरण हेतु विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण में जिला चिकित्सालय, समस्त विकास खण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर तीन माह का माइक्रोप्लान तैयार जा रहा है। भविष्य में जैसे-जैसे किशोरियां 14 वर्ष की



होंगी, उनका नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण में डा. हरेन्द्र मलिक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. डी. पी. सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधि कारी, डा. एस.पी. सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. कुलदीप यादव, सी.एम.एस., डा. पी.डी. गुप्ता, सी.एम.एस., डा. कोमल गुप्ता चिकित्सा अधिकारी, डा. जितेन्द्र कुमार, डा. पूर्वी, डा. नसीम अहमद, डा. पारस गुप्ता, डा. आर. श्रीवास्तव के साथ विकास खण्ड के बी.सी.एम. एवं जनपद स्तर से डी.सी.एम. एवं प्रतिरक्षण टीम के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# लामाचौड़ में अवैध शराब बिक्री रोकने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामाचौड़ क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग को लेकर एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिला अधिकारी को प्रेषित किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि लामाचौड़ क्षेत्र में काफी लंबे समय से चले आ रही कच्ची शराब का कारोबार फल फूल रहा है जिस और पुलिस प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है, तथा वहां उन लोगों का ना कोई सत्यापन किया गया है और ना ही उन पर कोई कार्रवाई की जा रही है। हल्द्वानी क्षेत्र में जितनी भी आबकारी विभाग द्वारा जो दुकान आवंटित की गई है उनका रात का समय कम किया जाए जिससे रात्रि के समय मारपीट की घटनाओं पर अंकुश लग सके। शहर के हर क्षेत्र में चोरी लूटपाट वह मारपीट जैसी घटनाएं कम न होने से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है। रात्रि के समय महिलाओं व युवतियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ती जा रही है महिलाओं की सुरक्षा का बजुनिया हल्दू, साईं मंदिर कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी, नंदपुर, पनियाली क्षेत्र में रात्रि गशत लगाने हेतु कई बार मुखानी थाना तथा गांधी आश्रम चौकी में मौखिक एवं लिखित रूप में देने के बावजूद भी



ध्यान रखते हुए ऐसे अराजक तत्वों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाए।नाबालिक मनचलो द्वारा बाइक को तेज गति से चलाया जाता है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं ऐसे लोगों के वाहनों पर प्रतिबंध लगाकर उनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाने की आवश्यकता है। कठघरिया क्षेत्र के पुलिस प्रशासन द्वारा रात्रि गशत को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे क्षेत्र में नशेड़ियों एवं स्मैकियों की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, मोहम्मद नबी, शशि गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी रोहित दिवाकर, बीसी पंत आदि मौजूद थे।

# जमीनी मुद्दों को लेकर सांकेतिक धरने का ऐलान

गदरपुर। भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं महासचिव विक्रम सिंह गोराया के नेतृत्व में गदरपुर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों से जुड़े जमीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए गए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विक्रम सिंह गोराया ने कहा कि तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की उपजाऊ भूमि को बंजर बताकर उसे खुर्द-बुर्द किया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। गोराया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि तहसील में व्याप्त इस भ्रष्टाचार के लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है, दाखिल खारिज को लेकर




तहसील में खुलेआम भ्रष्टाचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन्हीं मुद्दों को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा 24 जनवरी को तहसील कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना दिया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और किसानों की समस्याओं पर एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही। इस अवसर पर राजेंद्र मक्कड़, अशोक सेठी, हरपाल सिंह विर्क, हैप्पी विर्क, हरीश शर्मा डम्पी, पलविंदर सिंह सहित अनेक भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाकियू के नेताओं ने सरकार से मांग की है कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाए और किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# तीन दिवसीय धार्मिक गुरमत समागम में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

गदरपुर। मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय महान गुरमत समागम का शुभारंभ गुरबाणी पाठ व अरदास के साथ किया गया । पहले दिन भारी संख्या में संगत द्वारा प्रतिभाग किया गया । कार्यक्रम के दूसरे दिन खुले पंडाल में सजाए गए दीवान में गुरु ग्रंथ साहिब जी की मौजूदगी में पंजाब से आए भाई रणजीत सिंह ढढरियां वालों ने गुरबाणी एवं गुरु इतिहास पर आधारित प्रवचन देने के साथ संगत को गुरु वाले बनने का आहवान किया । उन्होंने गुरु गोविंद सिंह जी के विवाह पर्व के प्रसंग को भावपूर्ण शब्दों में वर्णित किया वहीं उन्होंने नौजवान पीढ़ी को भी शिक्षित होकर बड़े-बड़े पदों पर सुशोभित होकर देश सेवा करने का भी आह्वान किया । इस दौरान श्री गुरु हरगोबिंद साहिब गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह ने सभी संगत का धन्यवाद करते हुए अपनी मातृभाषा गुरमुखी ग्रहण करने और अमृत छक कर गुरु वाले बनने के साथ गुरबाणी एवं गुरु ग्रंथ साहिब जी पर भरोसा रखने की अपील की । इस दौरान भारी संख्या में दूर दराज से आई संगत ने लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया ।कार्यक्रम आयोजकों द्वारा लगभग 20000 की संख्या में संगत का अनुमान लगाया था परंतु सारे अनुमान टूट गए जब दुगनी संख्या में संगत ने प्रतिभाग करना शुरू किया वहीं दिन भर गुरु का लंगर भी चलता रहा तीसरे दिन आयजकों द्वारा पंडाल को बड़ा करके सभी संगत के बैठने का इंतजाम किया दूर दराज से संगत बरेली, शाहजहांपुर, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद ,नैनीताल एवं काशीपुर क्षेत्र से भी अपने-अपने वाहनों से पहुंचे। गुरु के लंगर की सेवा के लिए महिला पुरुषों द्वारा अपने हाथों से लंगर तैयार करके संगत को वितरित किया गया वहीं बर्तन धोने की सेवा, जूते रखने की सेवा,झाड़ू पोछे की सेवा और चाय की सेवा में श्रद्धालुओं द्वारा निष्काम भाव से लगातार सेवा की गई। वहीं दूर तरह से आए दुकानदारों द्वारा धार्मिक सामग्री के स्टॉल लगाए गए।



# विधायक पांडे के आवास पर उमड़ा जनसैलाब

## दिग्गजों के आने की सूचना पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

गूलरभोज। गदरपुर के मौजूदा भाजपा विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे इन दिनों सियासी सर्खियों में छाये हुए हैं। वह निरंतर क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार को भी निशाने पर ले रहे हैं। इस बीच तहसील प्रशासन की ओर से विधायक परिसर में बने कैंप कार्यालय को लेकर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किए जाने के बाद गुरुवार को विधायक अरविंद पांडेय के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, पौड़ी सांसद अनिल बलूनी और विधायक मदन कौशिक के आगमन की सूचना पर बड़ी संख्या में समर्थक वहां पहुंचे और माहौल पूरी तरह राजनीतिक चर्चा का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम के दौरान विधायक अरविंद पांडेय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका राजनीतिक सफर भाजपा की बदौलत है और पार्टी की नीतियों के अनुरूप वह हमेशा गरीब व निर्बल वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ही उनकी प्रेरणा है और उसी के आधार पर वे जनसेवा करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेताओं के आगमन की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। साथ ही उन्होंने हाल के दिनों में लगाए जा रहे आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें अतिक्रमणकारी या भू-माफिया बताने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन वह इससे विचलित नहीं हैं। विधायक पांडेय ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण से जुड़े मामले में प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई में वह पूरा सहयोग करेंगे और कानून का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए पार्टी नेतृत्व पर भरोसा जताया और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की बात कही। विधायक पांडे के आवास पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे।

## मेरे निवेदन पर नहीं पहुंचे दिग्गज : पांडे

### टिनशेड पर कब्जा ले प्रशासन, उन्हें कोई आपत्ति नहीं

गदरपुर। विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि गूलरभोज आवास पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं का जो अपार स्नेह प्राप्त हुआ, उससे अभिभूत हूं। मैंने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, अनिल बलूनी और मदन कौशिक को चल रहे कुचक्रों से अवगत कराया। स्थानीय राजनीति के दृष्टिगत ऐसे समय पर यहां आने का कार्यक्रम रद्द करने का निवेदन किया, जिसे तीनों ही नेताओं ने मेरे आग्रह स्वीकार किया। पार्टी हित में यहां न आने का निर्णय लिया। विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि जिस भूमि पर टिनशेड बनाया गया है, उसे लेकर यदि प्रशासन कार्रवाई करता है तो वह उसका विरोध नहीं करेंगे। उन्होंने उल्लेख किया कि उनके परिवार ने हमेशा पार्टी, संगठन और जनता के लिए संघर्ष किया है, जिसके चलते जेल जाना पड़ा और मुकदमों का सामना करना पड़ा। उनका कहना था कि जनता की भलाई के लिए झेले गए मुकदमे किसी सच्चे जनसेवक के लिए सम्मान के समान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग सुनियोजित तरीके से उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। विधायक ने न्यायपालिका से आग्रह किया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। विधायक पांडेय ने दोहराया कि जिस स्थान को प्रशासन ने अतिक्रमण बताया है, वहां बनाया गया टिनशेड आम जनता के उपयोग में आता है। उन्होंने कहा कि यदि जनता के हित में किए गए कार्यों को अतिक्रमण की श्रेणी में रखा जाता है तो उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है।





## चोरी की बाईक सहित ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक ऑटो लिफ्टर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 21 जनवरी को मो0 इमरान पुत्र अब्दुल सलाम निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 25 द्वारा थाना बनभूलपुरा में अपनी मोटर साइकिल संख्या यूके 04 एसी 8233 की प्रात: अपने घर के बाहर से चोरी हो जाने के संबंध में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना अपर उप निरीक्षक हेमंत प्रसाद के सुपुर्द की गई। प्रभारी



निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर खोजबीन शुरू की गई। टीम द्वारा सघन चेकिंग के दौरान गौला पार्किंग से मो. फरदीन पुत्र हमीदुर्रहमान निवासी मोहम्मदी मस्जिद वाली गली इन्द्रानगर बनभूलपुरा को चोरी किए गए उक्त वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया पुलिस ने बताया कि फरदीन के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक हेमन्त प्रसाद,कांस्टेबल यासीन, लक्ष्मण राम व सुनील कुमार शामिल थे।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

रुद्रपुर। सिटी वन कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा श्रवण किया और आयोजन समिति की सराहना की। समापन समारोह के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने का कार्य करती है और समाज में सद्भाव व नैतिक मूल्यों को मजबूत करती है। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अजय नारायण, राजेश ग्रोवर, संजय ठुकराल, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, शिवकुमार, शिबू, राजवीर नहरा, नरेंद्र त्यागी, संजय राय, निरंजन सिंह, ओमवीर सिंह और संदीप यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोका

गदरपुर। शंकर नगर ग्राम में तहसील परिसर से सटे संतोख सिंह के बारात घर के सामने सड़क किनारे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की भूमि पर पार्किंग बनाने के उद्देश्य से मिट्टी भरान कर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया। मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी गदरपुर एवं तहसीलदार गदरपुर ने मौके पर पहुंचकर तत्काल उक्त कार्य को रुकवाया। प्रशासन द्वारा लोक



निर्माण विभाग के अपर अभियंता श्री मनोज कुमार को मौके पर बुलाया गया, जिनकी उपस्थिति में अतिक्रमण कर भरी गई मिट्टी को हटवाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में इस तरह की कार्रवाई करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व टीम में राजस्व उपनिरीक्षक इंदु भट्ट, नेक राम, नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर सख्त संदेश गया है।

# न्याय पंचायत बण्डिया में 2038 लोगों ने लिया शिविर का लाभ

## विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारियां

किच्छा। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट की अध्यक्षता में न्याय पंचायत बण्डिया के राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में भव्य बहुद्देशीय शिविर आयोजित हुआ ।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाय। उन्होंने कहा डबल इंजन सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाऐं चलाई जा रही हैं इसलिए अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा आप द्वारा चुनी सरकार आप ही आपके द्वार पर आकर आपकी समस्याओं का समाधान करने आ रही है इसलिए शिविरों का जागरुक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।दर्जा मंत्री खतीब अहमद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जन जन की सरकार जन जन के द्वार शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने व समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, इसके लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।अपर जिलाशिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार शिविर आई समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा जनपद के हर तहसील में निराश्रित गौवंश के आश्रय हेतु गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है शीघ्र समस्या का समाधान किया जाएगा।शिविर में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चौक, महालक्ष्मी किट, टूल किट, प्रमाण पत्र आदि वितरित किए गए ,साथ ही रीप योजना के अंतर्गत 04 महिलाओं को ई रिक्शा वाहन वितरित किए व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त कर पंजीकरण किए गए व



अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया।शिविर में 24 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जाँच कर मरीजों को द्वारा भी वितरित की गई। शिविर में 2038 लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में 93 शिकायतें/ मांगे प्राप्त हुई जिसमें से 51 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 747 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण टीकाकरणदावा वितरण, 50आयुषमान कार्ड,59 एक्सरे, होम्योपैथिक द्वारा 71,आयुर्वेद यूनानी द्वारा 81 लोगों का स्वस्थ परीक्षण कर दावा वितरण किया गया। शिविर में 06 विरासतन तथा 45 स्थायी निवास प्रमाण पत्र,17 जाति प्रमाण पत्र,32 आय प्रमाण पत्र,03 उत्तरजीवी,07 चरित्र, 01हैसियत ,25 परिवार रजिस्टर नकल 07 खसरा नकल, 10, जन्ममृत्यु , 05 राशन कार्ड निरस्तीकरण 15 मुख्यमंत्री महालक्ष्मी कीट,10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई,05 बच्चों का अन्नप्राशन, 05 नंदा गौरा योजना आवेदन, 05 पीएम मातृ वंदन योजना,05 दिव्यांग प्रमाणपत्र 01 उपकरण,31विभिन्न पेंशन, 08 दिव्यांग बस पास, शिक्षा विभाग द्वारा 02 छात्राओं को साइकिल चेक, 08 बालिकाओं पुरस्कार,02 स्कूल ड्रेस , 04 समूहों को 03 लाख के चौक, श्रम विभाग द्वारा 15 श्रम कार्ड बनाए,07 लाभार्थियों को टूल कीट,13 श्रमिकों का पंजीयन,05 श्रमिक मानधन कार्ड ,पूर्ति विभाग द्वारा 50 लोगो को लाभांवित किया गया।शिविर में 39 आधार कार्ड अपग्रेड व नए बनाए गए। सेवायोजन विभाग द्वारा 17 लोगों को, पर्यटन विभाग द्वारा 10, डेरी विभाग द्वारा 15, पशुपालन विभाग द्वारा 450,वनविभाग 10, उद्योग द्वारा 05 , श्रम कार्ड विभाग 27 लोगो को जानकारियां दी गई। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष सचिन शुक्ला, प्रभारी मंत्री प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम, निदेशक दुग्ध संघ इंदर सिंह मेहता ,जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या ,क्षेत्र पंचायत सदस्य सरोजनी कार्की,पूजा कोरंगा, ग्राम प्रधान कविता तिवारी, बचुली देवी,तारा पांडे ,दीपा कांडपाल, टीकम कोरंगा,पिंकी डिमरी, डीएन यादव,उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी,मुख्य कृषि अधिकारी वी के एस यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी एस के शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी/नोडल अधिकारी हरेंद्र मिश्रा,सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल,समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन,खंड विकास अधिकारी असित आनन्द,सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दस जवान हादसे के शिकार

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए।जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है।उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है।अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है।ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है। ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम के लिए इलाके में तैनात जवानों को खराब मौसम और परिस्थिति के मुताबिक बेहतर प्रशिक्षण तथा वाहनों के रखरखाव के पहलू पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सड़कों के बुनियादी ढांचे पर ठोस काम हो और उसे पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इंतजाम किए जाएं, ताकि देश की सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हादसों में जान गंवाने की नौबत न आए।

# लोक भवन में विभिन्न राज्यों का राज्य स्थापना दिवस मनाया



देहरादून(उद संवाददाता)। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत लोक भवन में विभिन्न राज्यों के राज्य स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाए गए। इसी क्रम में इस सप्ताह पड़ने वाले उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर एवं मेघालय राज्य के स्थापना दिवस मनाए गए जिनमें राज्यों से आए कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी संस्कृति, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें भारत की विविधता में निहित एकता सजीव रूप में परिलक्षित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने संबंधित राज्यों के प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि भारत की आत्मा, चेतना, सांस्कृतिक विविधता और भविष्य पर चिंतन का अवसर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय भारत की संघीय संरचना के सशक्त स्तंभ हैं, जो देश की विविधता में निहित एकता को सुदृढ़ करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्व गुरु बनने का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब देश में एकता, समरसता और ''एक भारत'' की भावना को और अधिक सशक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता'' है। हमारी सभ्यता, संस्कृति, लोकगीत, नृत्य, साहित्य और कला हमारी पहचान हैं, जो देश को एक सूत्र में बाँधते हैं। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश को भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बताते हुए कहा कि अयोध्या, काशी और प्रयागराज जैसी पावन भूमि से लेकर आधुनिक विकास के नए आयामों तक, इस राज्य ने सदैव राष्ट्र को दिशा प्रदान की है। उन्होंने त्रिपुरा की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक समरसता की सराहना करते हुए इसे विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मणिपुर को साहस, वीरता और खेल प्रतिभाओं की भूमि बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस राज्य ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। वहीं मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता, संगीत, पर्यावरणीय चेतना और सतत विकास मॉडल की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर विकास का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है। राज्यपाल ने अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें उत्तर प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसे वे अपना सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय के लिए यह आवश्यक है कि हम एक-दूसरे को जानें, समझें और सम्मान करें। भारत की विविधता ही उसकी वास्तविक सुंदरता है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, विधायक श्रीमती सविता कपूर, उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती अपर्णा यादव, सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री कौशल किशोर शुक्ल, प्रमुख सचिव न्याय श्री अमित कुमार सिरोही, सचिव प्रोटोकॉल श्री विनोद कुमार सुमन, सचिव संस्कृति श्री युगल किशोर पंत, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती रीना जोशी, सहित इन राज्यों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# नव निर्मित मंदिर में न्याय के देवता गोलू की हुई पुन: स्थापना

किच्छा। नगर क्षेत्र के देवरिया मोहल्ले में न्याय के देवता गोलू महाराज के नव निर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी गोलू कमल धक द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने सहभागिता की और पूरे क्षेत्र को धार्मिक माहौल से सराबोर कर दिया। कलश यात्रा की शुरुआत देवरिया स्थित पुराने मंदिर से विधिविधान के साथ की गई। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकली यह यात्रा देवरिया क्षेत्र का भ्रमण करती हुई नव निर्मित मंदिर परिसर तक पहुँची। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा के साथ यात्रा में भाग लिया। नव निर्मित मंदिर परिसर पहुँचने पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच न्याय के देवता गोलू महाराज की मूर्ति की पुन: प्रतिस्थापना की गई। विधि-विधान से सम्पन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के पुरोहितों द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। श्रद्धालुओं ने गोलू महाराज से न्याय, सुख-समृद्धि और क्षेत्र में शांति बनाए रखने की कामना की।कार्यक्रम संयोजक गोलू कमल धक ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग पर मंदिर का नवनिर्माण कराया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि गोलू महाराज न्याय के प्रतीक हैं और लोगों की अटूट आस्था उनसे जुड़ी हुई है। आयोजकों ने जानकारी दी कि धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 25 जनवरी को भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं 26 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा।कलश यात्रा और मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन का सुंदर संगम देखने को मिला। क्षेत्रवासियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए आयोजकों की सराहना की।







# रामनगर में बसंत महोत्सव का भव्य आगाज, झांकियों में जीवंत हुई संस्कृति

रामनगर। रामनगर में आज से बसंत महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हो गया है। दो दिनों तक चलने वाले इस बसंत उत्सव के दौरान सांस्कृतिक, लोक कलात्मक और पारंपरिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। महोत्सव के पहले दिन ही नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जब रंग-बिरंगी झांकियां निकालकर उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।आज रामनगर की सड़कों पर निकली झांकियों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इन झांकियों के माध्यम से उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाजों को बखूबी दर्शाया गया। झांकियों में उत्तराखंड के पारंपरिक परिधान, वाद्य यंत्र और लोकनृत्य लोगों को खासा आकर्षित करते नजर आए। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने झांकियों को देखकर उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू होने का अवसर प्राप्त किया,विशेष रूप से झांकियों में उत्तराखंड में प्रचलित हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार होने वाली पारंपरिक शादियों का सजीव चित्रण किया गया। विवाह से जुड़े रस्मों, पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा झांकियों में उत्तराखंड के देवी-देवताओं की झलक भी देखने को मिली, जिसमें लोक आस्था और धार्मिक परंपराओं को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया।महोत्सव के दौरान झोड़ा नृत्य सहित अन्य लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने वातावरण को पूरी तरह सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। कलाकारों ने पारंपरिक गीत-संगीत के साथ उत्तराखंड की लोककला को जीवंत किया, जिस पर दर्शक भी तालियों के साथ झूमते नजर आए।आयोजकों के अनुसार, बसंत महोत्सव का उद्देश्य उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ना है। आने वाले दो दिनों में भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।बसंत महोत्सव का यह आगाज रामनगर में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता का संदेश देता नजर आया, जिसने नगरवासियों के साथ-साथ बाहर से आए लोगों को भी उत्तराखंड की संस्कृति से जोड़ने का कार्य किया।







# रूद्रपुर को मिलेगी नये मिनी बाईपास की बड़ी सौगात

## उद्यान विभाग से आदर्श कालोनी तक दशकों से बंद पड़े मार्ग को खोलने की कवायद शुरू, महापौर ने राजस्व और निगम की टीम के साथ किया सर्वे

रुद्रपुर। नगर के नियोजित विकास और यातायात की सुगम व्यवस्था को लेकर महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से निकट भविष्य में शहरवासियों को एक नए 'मिनी बाईपास' मार्ग की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इस योजना के धरातल पर उतरने से न केवल शहर की एक बड़ी आबादी का आवागमन सुगम होगा, बल्कि वर्षों पुरानी वह समस्या भी हल होगी जो फाइलों में दबी हुई थी। दरअसल, नैनीताल हाईवे से उद्यान विभाग होते हुए आदर्श कॉलोनी घास मंडी तक जो मार्ग दशकों से बंद पड़ा था, उसे अब जनहित में खोलने की प्रशासनिक कवायद शुरू हो गई है। इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए महापौर विकास शर्मा ने राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर इस बंद पड़े मार्ग का गहन स्थलीय निरीक्षण किया और सर्वे की बारीकियों को समझा। महापौर ने इस दौरान मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों और तहसील प्रशासन को सख्त लहजे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि इस मार्ग को खोलने की प्रक्रिया में आ रही सभी बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए। ज्ञात हो कि नैनीताल हाईवे पीएसी के पास से उद्यान विभाग होते हुए आदर्श कॉलोनी घास मंडी तक जाने वाला यह मार्ग दशकों पहले आवागमन का मुख्य जरिया हुआ करता था, लेकिन समय के साथ यह मार्ग अवरुद्ध हो गया और वर्तमान में केवल सरकारी दस्तावेजों और फाइलों तक ही सीमित रह गया था। शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का निरंतर बढ़ता दबाव और डीडी चौक पर लगने वाले भीषण जाम के मद्देनजर इस मार्ग को पुन: खोलने की मांग पूर्व में कई बार उठाई जा चुकी थी।



इस गंभीर जनसमस्या पर महापौर विकास शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए तहसीलदार दिनेश कुटौला, राजस्व विभाग और नगर निगम की टीम को साथ लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग के पुराने दस्तावेजों और मानचित्रों का मौके पर मिलान किया गया ताकि मार्ग की भूमि की सटीक स्थिति स्पष्ट हो सके। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि इस मार्ग को खोलने की वैधानिक प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नैनीताल हाईवे से आदर्श कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी, भूरारानी, सिंह कॉलोनी, मलिक कॉलोनी और शांति विहार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ने वाला यह मार्ग आतंकवाद के दौर से ही सुरक्षा कारणों या अन्य परिस्थितियों के चलते बंद पड़ा था। उन्होंने कहा कि कागजों में यह मार्ग आज भी सार्वजनिक मार्ग के रूप में दर्ज है और इसके खुलने से शहर की एक बहुत बड़ी आबादी को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों के निवासियों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए डीडी चौक का चक्कर काटकर जाना पड़ता है, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती है बल्कि डीडी चौक पर वाहनों का भारी दबाव होने के कारण जनता को घंटों जाम से जूझना पड़ता है। इस बंद पड़े मार्ग के खुलने से हजारों की आबादी को एक बेहतरीन मिनी बाईपास का विकल्प मिल जाएगा, जिससे डीडी चौक पर यातायात का भार कम होगा और शहरवासियों को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। महापौर विकास शर्मा ने आगे कहा कि इस मार्ग का सर्वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस विजन का हिस्सा है जिसके तहत रुद्रपुर को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में रुद्रपुर वासियों को जल्द ही इस मिनी बाईपास मार्ग की नई सौगात समर्पित की जाएगी। इस योजना के पूर्ण होने पर पीएसी कैंपस के सामने अटरिया मोड़ पर एक नया आकर्षक चौक भी विकसित हो जाएगा। यह मार्ग आदर्श कॉलोनी से उद्यान विभाग के भीतर से होते हुए सीधे हाईवे को जोड़ेगा और आगे चलकर यह रास्ता जगतपुरा रोड से भी मिल जाएगा। इसकी उपयोगिता यहीं समाप्त नहीं होती, बल्कि यह मार्ग आगे सिडकुल, फुलसुंगा और दक्ष चौक होते हुए बिगवाड़ा में पुन: किच्छा मार्ग हाईवे से जुड़ जाएगा। इस प्रकार यह मार्ग शहर के दो प्रमुख नेशनल हाईवे को आपस में जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण लाइफलाइन के रूप में कार्य करेगा। महापौर ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में नगर निगम विकास की कई बड़ी और दूरगामी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु निरंतर सक्रिय है। बंद पड़े मार्गों को खोलने के साथ-साथ नगर निगम उन बस्तियों में भी अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है जहां अतिक्रमण के कारण रास्ते संकरे हो चुके हैं और आपातकालीन वाहनों या सामान्य आवाजाही में बाधा आती है। नगर निगम का संकल्प है कि चाहे शहर के मुख्य मार्ग हों या बस्तियों की गलियां, वहां आवागमन पूरी तरह बाधारहित होना चाहिए। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि जनहित के इन कार्यों में यदि कोई भी अतिक्रमण या अवैध निर्माण बाधक पाया गया, तो उस पर प्रशासन द्वारा अत्यंत सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सर्वे के दौरान तहसीलदार दिनेश कुटौला ने तकनीकी पक्ष रखते हुए बताया कि उद्यान विभाग से आदर्श कॉलोनी को जोड़ने वाला यह मार्ग वास्तव में दशकों से बंद है और राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि खसरा नंबर 77 के अंतर्गत आती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यहाँ जल निकासी के लिए एक नाला बना हुआ है। यदि इस नाले के साथ व्यवस्थित सड़क का निर्माण कर दिया जाए, तो यह क्षेत्र के आवागमन के लिए एक बहुत बड़ा और सुगम माध्यम साबित हो सकता है।

## भूपेंद्र सिंह नेगी बने ब्लॉक रुद्रपुर अध्यक्ष

किच्छा। उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी ने संगठन को मजबूत करते हुए किच्छा निवासी भूपेंद्र सिंह नेगी को ब्लॉक रुद्रपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह नेगी लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और पार्टी की विचारधारा के प्रति



निष्ठावान रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को ब्लॉक स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल राज्यहित, जनसमस्याओं और स्थानीय मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करता रहा है। ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है, जिसे भूपेंद्र सिंह नेगी पूरा करेंगे।वहीं, नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नेगी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ क्षेत्र की समस्याओं को संगठन के माध्यम से उठाया जाएगा। इस नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है और कई लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## पेज एक का शेष...

**दबंगों ने पथराव कर........**गुरूवार की रात्रि उन दबंग युवकों ने अपने घरों से आस पास के घरों पर पथराव शुरू कर दिया और शराब की खाली बोलतें फेंकी। कई ईंट पत्थर लोगों के घरों के अन्दर आकर गिरे जिससे गौतम, प्रताप कोली, संजय कोली व खुशी आदि लोगों को चोटें आ गई। जिनमें प्रताप की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सभी को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। पथराव के दौरान बाहर खड़ा एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौकेपर तो आये लेकिन उनके द्वारा आरोपी युवकों को न पकड़ने से लोगों में गुस्सा और भड़क गया। उनका कहना था कि अगर पुलिस ने पहले ही इन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की होती तों ऐसी नौबत नहीं आती। प्रात: अनेक लोग मामले को लेकर विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस की शिकायत की। जिस पर शिव अरोरा ने तत्काल पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। मौहल्ले में सुबह तक जगह जगह लोगों के घरों के अन्दर व छतों पर पत्थर बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे।

23 **अप्रैल को खुलेंगे.......**गाडू घड़ा लेकर ऋषिकेश के लिए रवाना हुए थे। शुक्रवार को यह पावन कलश यात्रा नरेंद्रनगर राजदरबार पहुंची, जहां पारंपरिक रीतिख्र रिवाजों के साथ पंचांग पूजन के बाद कपाट खुलने की तिथि घोषित की गई। इससे पहले श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, डिम्मर में सुबह डिमरी पुजारी टीका प्रसाद डिमरी और आचार्यों ने भगवान बदरीविशाल एवं गाडू घड़ा का विष्णु सहस्त्रनाम और नामावलियों के पाठ के साथ महाभिषेक कर बाल भोग अर्पित किया। इसके बाद बदरीनाथ धाम के डिमरी पुजारियों ने गाडू घड़ा लेकर मंदिर की परिक्रमा की और जयघोष के बीच यात्रा को रात्रि विश्राम के लिए ऋषिकेश की ओर रवाना किया गया।वसंत पंचमी की सुबह गाडू घड़ा लेकर डिमरी पुजारी ऋषिकेश से नरेंद्रनगर राजदरबार पहुंचे। यहां महाराजा मनुजेंद्र शाह ने पंचांग पूजा के उपरांत भगवान बदरीविशाल के कपाट खुलने की तिथि के साथ ही महाभिषेक में प्रयोग होने वाले तिलों के तेल को तैयार करने तथा गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा की तारीख भी घोषित की। जानकारी के अनुसार गाडू घड़ा यात्रा सात अप्रैल से आरंभ होगी। कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के साथ ही चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर भी तीर्थ पुरोहितों, प्रशासन और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

**पहाड़ों पर सीजन.........**मौसम ज्यादा सक्रिय रह सकता है। मैदानी क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश से तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं, जिससे सुबह और रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है और यात्रियों से पहाड़ी मार्गों पर निकलने से पहले मौसम की जानकारी लेने की अपील की है। किसानों को फसलों को सुरक्षित रखने और पर्यटकों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**कार से शराब की तस्करी......**निवासी ग्राम ककराला डैम पार, गूलरभोज, कोतवाली गदरपुर, उम्र लगभग 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली गदरपुर में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट (प्रभारी चौकी गूलरभोज), हेड कांस्टेबल दयाल गिरी, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार आदि मौजूद थे।

**पुलिस ने किया वाहन चोरी......**सिंह कनवाल, कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र कुमार सहित पुलिस सहयोगी राहुल व माजिद शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा और आमजन से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

## एसएस पब्लिक स्कूल में मनाई बसंत पंचमी

गदरपुर (उद संवाददाता)। एस एस पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष डीपी सिंह एवं प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने सरस्वती माता की प्रतिमा के समुख



दीप प्रज्जवलित कर किया। कक्षा नर्सरी से कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों ने मंत्रमुग्ध करने वाले रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। कक्षा प्रथम से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों ने बसंती रंग के वस्त्र धारण कर अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों ने श्लोक,गायन, कला एवं नृत्य आदि में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

## उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी ने लिया देहदान करने का संकल्प

देहरादून। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने देहदान का संकल्प लिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को दधीचि देहदान समिति को संकल्पपत्र सौंपा। इससे समाज को एक नया संदेश मिला है। दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष डॉ. मुकेश गोयल ने कहा कि पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी के इस निर्णय से मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना चरितार्थ हुई है। उन्होंने मृत्यु के उपरांत नेत्र समेत सभी प्रत्यारोपण योग्य अंग देने का संकल्प लिया है।यह मानवीय मूल्यों और भारतीय परंपरा का एक जीवंत उदाहरण है। कहा कि देहदान भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का स्मरण कराता है जिसमें व्यक्ति अपने शरीर को भी समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित कर देता है। महर्षि दधीचि की परंपरा से प्रेरित यह संकल्प न केवल चिकित्सा विज्ञान, शोध और शिक्षा के क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि नेत्रदान एवं अंगदान के माध्यम से अनेक निराश जीवनों को आशा और नया प्रकाश मिल सकेगा।

## समाजसेवी लाल बादशाह ने दिए गर्म लिहाफ

गदरपुर । समाज सेवा और जन सेवा के क्षेत्र में अग्रणी समाजसेवी मास्टर लाल मोहम्मद उर्फ लाल बादशाह के सौजन्य से वार्ड नंबर 7 के श्री शिव मंदिर परिसर में सर्वे करके अपने चिन्हित किए गए जरूरतमंद परिवारों को गर्म लिहाफ वितरित किए गए । गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष और शिव मंदिर कमेटी गदरपुर के अध्यक्ष जय किशन अरोड़ा के नेतृत्व में शिव मंदिर परिसर में लिहाफ वितरण करवाया गया



जिसमें समाजसेवी लाल मोहम्मद द्वारा उपलब्ध कराए गए 200 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को लिहाफों का वितरण किया गया । मास्टर लाल मोहम्मद का कहना था कि जरूरतमंदों की सहायता से सुकून मिलता है सभी को इस पुनीत कार्य के लिए सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, वही जय किशन अरोड़ा द्वारा कहा गया कि विधवाओं,दिव्यांगों, बुजुर्गों के अलावा अन्य आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को सर्वे करके चिन्हित किया गया था । इस मौके पर खुशी दयाल, सोनम अरोड़ा, भूपेंद्र कौर, अमरजीत सिंह, सौरव अरोरा, शिवम खुराना,वंश अनेजा,देवेंद्र सिंघ,रविंद्र चावला आदि द्वारा सहयोग किया गया। उल्लेखनीय हो कि अधिकतर दिव्यांग एवं वृद्धजनों का सर्वे करने के उपरांत उनके घर पर ही उन्हें लिहाफ की सेवा प्रदान की गई ।

## बसंत पंचमी पर बच्चों को कराया जनेऊ संस्कार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बसंत पंचमी के पर्व पर आज आंवलेश्वर मंदिर में ब्राहमणों द्वारा 12 बच्चों का पूजा अर्चना व विधि विधान के साथ जनेऊ संस्कार कराया गया। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित गोपाल दत्त शास्त्री ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष बसंत पंचमी पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जनेऊ संस्कार के बाद मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# श्री राम मंदिर अयोध्या की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर विशाल जागरण आयोजित







रुद्रपुर। श्री राम मंदिर अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर काशीपुर बायपास रोड स्थित इंडियन गैस एजेंसी में भव्य राम मंदिर और माता का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने पूजा अर्चना के साथ विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान भजन गायको ने पूरी रात प्रभु श्री राम के भजन और माता के जागरण का गुणगान किया। श्री चुघ ने कहा की प्रभु श्री राम सभी के आराध्य हैं और सैकड़ो साल की आस्था, विश्वास और प्रयासों के बाद अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि आज राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और लाखों करोड़ों श्रद्धालु अयोध्या में जाकर श्री राम लला के दर्शन कर रहे हैं जो अनवरत जारी है। उन्होंने कहा कि इस देश को भारत माता का दर्जा मिला है जो पूरे विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलता। इस समय गुप्त नवरात्रि चल रहे हैं जहां कन्याओं को पूजा जाता है। हिंदू धर्म में सदैव महिलाओं को आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और सदैव धर्म का पालन किया जाता है। इस दौरान भजन गायको ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है,तूने मुझे बुलाया शेरावालिए मैं आया मैं आया शेरावालिए, तेरे चरणों का प्यार मां तेरा भवनां दी कर नौकरी, प्रभु राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में,देखो देखो चले वीर हनुमाना, जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम जैसे भजन सुना कर पूरा माहौल भक्ति में कर दिया। देर रात तक श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का आनंद लिया और भक्ति में डूबे नजर आए।सुबह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस दौरान ग्राम प्रधान मनदीप वर्मा, अमित गोयल,सूरज आर्य ,अमन ग्रोवर, लक्खा साहनी, जितेंद्र साहनी, मदन बिष्ट ,सोनू सागर, अमित कक्कड़ ,दीपक सक्सेना ,किशन सहनी, महेश सागर, सत्ता कोली, रजत अरोड़ा, दीपक पाल,राजदीप पाल, अमित सक्सेना, विष्णु सिंह, सनी गिल, हरेंद्र सिंह आदि तमाम लोग मौजूद थे।






# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप और संजय नगर क्षेत्र में उनकी प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने नेताजी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके योगदान को स्मरण किया। ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर 3 स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे। उन्होंने कहा कि नेताजी ने भारत की आजादी के लिए अद्वितीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया तथा आजाद हिंद फौज के माध्यम से देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाई। पूर्व विधायक ने युवाओं से नेताजी





के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा उनके व्यक्तित्व की पहचान थी। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को नेताजी के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने भी नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने नेताजी के संघर्षमय जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा राष्ट्रनायक बताया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर नेताजी को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वही इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी शंकर चक्रवर्ती, मनमोहन सिंह, पार्षद सुशील मण्डल, पार्षद शुभमदास,संजीव गुप्ता, सुभाष स्वर्णकार,मनोज गुप्ता, केरू मण्डल, ललित सिंह विष्ट, सुकुमार अधिकारी, मनोजदास, रामकुमार गुप्ता, अशोक यादव, रमन विश्वास, राकेश दास, राजचक्रवर्ती, रोहित अधिकारी, शुभमनास, आशीष गुप्ता, विनय सिंह, सुमित निषाद, राहुल दास, राज गुप्ता, आकीष गंगवार, अशोक शाह, सोमपाल सैनी, बनवारी, रामचरन लाल आदि लोग मौजूद थे। वहीं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में अनेक लोगों ने किच्छा बाईपास मार्ग पर संजयनगर वार्ड 11 में स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उनके साथ मनमोहन सिंह, पार्षद मानेन्द्र राय, विकास मल्लिक, अखिल विश्वास, ललित सिंह बिष्ट, असीत बाला, रंजीत तिवारी, देवानन्द स्वर्णकार, अरूण दास, भोपाल राय, अभिमन्यु साना, विश्वजीत ढ़ाली, दीपक, प्रियांशु तिवारी, अजीत विश्वास, मानिक विश्वास, भवदेव स्वर्णकार, तपन विश्वास, पारस बढ़ाई, डा. निप्पन विश्वास, कपिल, पियूष राय, विधान हालदार, राहुल सरकार व अमल मंडल आदि मौजूद थे।

# श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुई सरस्वती पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आज बसंत पंचमी के पर्व पर मां सरस्वती की विधिधान से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती को पीत पुष्प के साथ श्रद्धा भेंट अर्पित कर आराधना कर आरती की। पौराणिक कथानुसार बसंत पंचमी दिवस पर मां सरस्वती को पीले पुष्प अर्पित कर पूजा करना एक परम्परा ही नहीं है बल्कि इसका एक गहरा धार्मिक महत्व भी है। पीला रंग ज्ञान, सकारात्मकता और समृद्धि का प्रतीक है। आज के दिन मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा करने पर मां सरस्वती का आर्शीवाद प्राप्त होता है साथ ही जीवन में उन्नति के द्वारा खुलते हैं। मंदिर में मां सरस्वती की पूजा के पश्चात आरती की और प्रसाद वितरित किया गया।



इस मौके पर जजमान कश्मीर लाल तागरा, महेश बब्बर, ओमप्रकाश अरोरा, हरबंस लाल, जीवन दास, दीपक अरोरा, बंटी ग्रोवर, नरेश सेठ, राजेश राजदेव, भूपेन्द्र अनेजा, कृष्ण लाल तागरा, अशोक अरोरा, अजय ठुकराल, अश्वनी दुनेजा, विजय मिड्ढ़ा, हरीश सुखीजा, रमेश मिड्ढ़ा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जन्मभूमि विद्यालय में मनाई सुभाष जयंती व सरस्वती पूजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प स्थित जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नेताजी सुभाष जयंती एवं बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले मां सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया ,जिसमें विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुमित रॉय अपने परिवार सहित व विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीश कुमार के साथ पूजा अर्चना में प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय के दीपक कुमार, देवेश, श्रीमती सुमित्रा , श्रीमति दीपिका, श्रीमति नीलम गंगवार, श्रीमती सरिता, श्रीमती ममता दास, श्रीमति नीतू , श्रीमती रितु, ममता, श्रीमती ममता दिवाकर, निर्मला, श्रीमती प्रियंका, प्रियंका, प्रियांशी, श्रीमती प्रीति, श्रीमती उमा, श्रीमति शालिनी राय, श्रीमती प्रिया, अंजू, श्रीमती सविता, श्रीमती मिथिलेश, भावना व विद्यालय के कर्मचारी श्रीमती सुनीता, श्रीमती संगीता, श्रीमती आशा के साथ साथ विद्यालय के समस्त अभिभावक गण एवं बच्चे उपस्थित थे। बसंत पंचमी के पर्व पर विद्यालय के प्रबंधक सुमित राय ने बताया कि किस प्रकार छात्र–छात्राओं के जीवन में बसंत पंचमी का महत्व है।आज के दिन मां सरस्वती की पूजा आराधना की जाती है, ताकि ज्ञान और बुद्धि का विकास हो सके। बसंत पंचमी के मौके पर विद्यालय के बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इससे पूर्व विद्यालय से एक रैली भी निकली गई जो कैंप के विभिन्न मार्गो से होती हुई विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई।

